ब्रॉडकास्ट सेवा पोर्टल

हाल ही में सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा प्रसारण/ब्रॉडकास्ट सेवा पोर्टल (Broadcast Seva Portal-BSP) लॉन्च किया गया है।

- इस पोर्टल के माध्यम से 900 सैटेलाइट टीवी चैनल्स, 70 टेलीपोर्ट ऑपरेटर्स, 1,700 एमएसओ, 350 सामुदायिक रेडियो स्टेशन और 380 निजी एफएम चैनलों के लाभान्वित होने की संभावना है।

प्रमुख बिंदु

ब्रॉडकास्ट सेवा पोर्टल:

- **ब्रॉडकास्ट सेवा पोर्टल के बारे में:**
  - यह एक 360 डिग्री डिजिटल सल्यूशन (360 Degree Digital Solution) प्रस्तुत करता है जो हितधारकों को अनुमति लेने, पंजीकरण हेतु आवेदन करने, आवेदनों पर नज़र रखने, शुल्क की गणना करने तथा भुगतान करने की सुविधा प्रदान करेगा।
  - यह पोर्टल सभी हितधारकों को निजी उपग्रह टीवी चैनल्स, टेलीपोर्ट ऑपरेटर्स, मल्टी-सर्विसेज़ ऑपरेटर्स (Multi-Services Operators- MSOs), सामुदायिक और निजी रेडियो चैनल्स आदि के लिये डिजिटल इंडिया के व्यापक प्रयासों के तहत अपनी सेवाएँ प्रदान करेगा।
- **उद्देश्य:**
  - प्रसारण संबंधी गतिविधियों के लिये सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा जारी विभिन्न पंजीकरणों, अनुमतियों और लाइसेंस हेतु आवेदन करने के लिये हितधारकों तथा आवेदकों को एकल बिंदु (एक ही स्थान पर) सुविधा प्रदान करना।
- **महत्त्व:**
  - यह आवेदनों के **टर्न-अराउंड समय को कम** करेगा और साथ ही आवेदकों को उनकी प्रगति को ट्रैक करने में मदद करेगा।
  - यह भारत के **कारोबारी माहौल, जो भारत सरकार के प्रमुख फोकस क्षेत्रों में से एक** है, में सुधार करेगा। ब्रॉडकास्ट सेवा पोर्टल व्यापार करने में आसानी और प्रसारण क्षेत्र को सशक्त बनाने हेतु सरकार की प्रतिबद्धताओं का एक उदाहरण है।
  - पोर्टल प्रसारण क्षेत्र के विकास और प्रबंधन के लिये **एक कुशल और पारदर्शी प्रणाली की स्थापना** को सक्षम करेगा।
  - यह **मेक इन इंडिया** और **डिजिटल इंडिया पहल** को बढ़ावा देने के दृष्टिकोण के अनुरूप है।

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/broadcast-seva-portal